संख्या-52/2022/1950रासनि/23-1-21-120रासनि/20

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 **लखनऊः दिनांक 08 जनवरी, 2022**

विषय- वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-3054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से जनपद लखनऊ एवं महाराजगंज के कुल 12 मार्गों के कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के संलग्न तालिका के स्तम्भ.2 में उल्लिखित पत्रों द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन/प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **जनपद लखनऊ एवं महाराजगंज के कुल 12 मार्गों के कार्य** हेतु **कुल लागत रू0 8,86,77,000/- (रूपये आठ करोड़ छियासी लाख सतहत्तर हजार मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक 3054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से **कुल रू0 88,62,000/- (रूपये अठ्ठासी लाख बासठ हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः-

(1) प्रश्नगत कार्यों की द्विरावृत्ति को रोकने की दृष्टि से प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। यदि द्विरावृत्ति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त करते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय।

(2) प्रश्नगत कार्यों को उस समय तक प्रारम्भ न किया जाय और न ही उन पर कोई व्यय भार लिया जाय जब तक कि स्वीकृत लागत के अन्तर्गत विस्तृत आगणन गठित कर उस पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्राविधिक स्वीकृति प्रदान न कर दी जाय। यदि यह कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो समस्त उत्तरदायित्व संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता का होगा।

(3) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा की परियोजना में जी0एस0टी0 की धनराशि समय-समय पर स्वीकृति/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष नियमानुसार जमा की जायेगी।

(4) लेबरसेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2022 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 30 अप्रैल 2022 तक शासन को निश्चित रूप से उपलब्ध करा दिया जाय।

(6) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय।

(7) राज्य सड़क निधि हेतु गठित उ0प्र0 राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य

http://shasanadesh.up.nic.in

सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रायोजन हेतु व्यय की गयी है। विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि कार्य की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद कार्य की अव्यवहारिकता दर्शाते हुए स्वीकृति निरस्त न हो।

(8) प्रश्नगत कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित कराये जाय ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो, उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय। प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि आगणन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने पाये।

(9) इस निधि से स्वीकृत कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(10) विभाग द्वारा यथावश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(11) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के शासनादेश सं0-3/2021/बी-1-375/दस-2020-231/ 2021 दिनांक 22.03.21 एवं उ0प्र0 ग्राम्य सम्पक मार्ग अनुरक्षण नीति, 2013 के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय प्रथमतः चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "3054-सड़क तथा सेतु-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-05-राज्य सड़क निधि से सड़कों का अनुरक्षण-0029-अनुरक्षण" के नामे डाला जायेगा और अन्ततः लोक लेखे के "लेखाशीर्षक-8225-सड़क एवं सेतु निधि-02-राज्य सड़क एवं सेतु निधि-101-राज्य सड़क व सेतु निधि-01-राज्य सड़क व सेतु निधि-01-राज्य सड़क निधि" में डेबिट करते हुए समतुल्य धनराशि अनुदान सं0-58 के "भाग-4 के वसूलियों-लेखाशीर्षक-3054-सड़क तथा सेतु-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-05 राज्य सड़क निधि से सड़कों का अनुरक्षण (8225)-29-अनुरक्षण" में जमा किया जायेगा ।

भवदीय,

(राजेश प्रताप सिंह)
अनु सचिव ।

<u>संख्या-52/2022/1950रासनि(1)/23-1-21, तददिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
3- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
4- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
5- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ ।
6. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश।
7. वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ ।
8. वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।
9. लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
10. नोडल अधिकारी (आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभागए उ0प्र0 शासन।
11ण गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(राजेश प्रताप सिंह)
अनु सचिव ।

E:\w-5054N 21-22

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश सं0-52/2022/1950रासनि/23-1-21-120रासनि/20, दिनांक 08.01.2022 का संलग्नक

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र	मुख्य अभियंता (मु0–1), लो0नि0वि0, लखनऊ	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (कि0मी0 में)	लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1	06 कैम्प/मु अभि(मु0–1)/ 2022, दिनांक 07.01.2022	लखनऊ	आलमनगर वार्ड से जलालपुर क्रासिंग से (पार्षद निवास) पारा क्रसिंग होते हुए पारा गांव तक मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।	1.00	75.94	7.59
2	06 कैम्प/मु अभि(मु0–1)/ 2022, दिनांक 07.01.2022	लखनऊ	राजाजीपुरम वार्ड के अन्तर्गत बी–ब्लाक चैंपियन कोठी के सामने से गुलमोहर रेस्टोरेंट होते हुए डी ब्लॉक मार्केट तक मार्ग का विशेष मरम्त का कार्य	1.00	52.45	5.24
3	06 कैम्प/मु अभि(मु0–1)/ 2022, दिनांक 07.01.2022	लखनऊ	राजाजीपुरम वार्ड के अन्तर्गत मोहन भोग चौराहे से लेकर एम0आई0एस0 चौराहे तक मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।	1.000	51.60	5.16
4	06 कैम्प/मु अभि(मु0–1)/ 2022, दिनांक 07.01.2022	लखनऊ	इब्राहिमपुर वार्ड द्वितीय के अन्तर्गत डी0पी0एस0 स्कूल से गोल मार्केट तक विशेष मरम्मत का कार्य।	1.000	53.42	5.34
5	06 कैम्प/मु अभि(मु0–1)/ 2022, दिनांक 07.01.2022	लखनऊ	डी–ब्लाक पुलिया के रूपम टेलर चौराहे होते हुए मिनी स्टेडियम तक मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।	0.600	49.55	4.95
6	06 कैम्प/मु अभि(मु0–1)/ 2022, दिनांक 07.01.2022	लखनऊ	राजाजीपुरम में कोठारी बंधं संपर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।	2.000	138.35	13.83
7	06 कैम्प/मु अभि(मु0–1)/ 2022, दिनांक 07.01.2022	लखनऊ	बालाजी मंदिर से तालकटोरा कर्बला होते हुए रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल तक मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।	1.000	35.54	3.55
8	06 कैम्प/मु अभि(मु0–1)/ 2022, दिनांक 07.01.2022	लखनऊ	अटल चौराहे से न्यू विजन स्कूल के सामने वाली रोड की विशेष मरम्मत का कार्य	0.600	49.56	4.95
9	06 कैम्प/मु 06 कैम्प/मु अभि(मु0–1)/ 2022, दिनांक 07.01.2022	लखनऊ	जानकी पुरम द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सहारा स्टेट गेट नं0 1 से सेक्टर जे तिराहे तक एवं अभिनव स्कूल संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य	1.200	97.68	9.76
10	06 कैम्प/मु अभि(मु0–1)/ 2022, दिनांक 07.01.2022	लखनऊ	सेक्टर–जी में विशाल हॉस्पिटल से लेकर स्टेट बैंक ए0टी0एम0 तक मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	0.700	87.71	8.77
11	7021सी/352सी/लखनऊ लाभ–26/21–22, दिनांक 05.01.2022	लखनऊ	जनपद लखनऊ में सुल्तानपुर मार्ग से गीता कालोनी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	0.750	83.79	8.37
12	6388सी/393सी/महाराजगंज भाग–21/21–22, दिनांक 04.12.2021	महाराजगंज	फरेन्दा महाराजगंज मार्ग से जंगल जोगियाबारी मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 व नाली सहित विशेष मरम्मत का कार्य	1.000	111.18	11.11
			योग		**886.77**	**88.62**

(राजेश प्रताप सिंह)
अनु सचिव ।

E:\w-5054N 21-22

http://shasanadesh.up.nic.in